# यूपीडा

**उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
सी-13, पर्यटन भवन, द्वितीय तल, गोमती नगर, लखनऊ-226010
☎0522-2307592/2307542, फैक्स : 522-4013560
upeida2@gmail.com


पत्रांक : 2050/यूपीडा/2019 /अधि0 दिनांक : 13 अगस्त, 2019

## विज्ञापन

उ0प्र0 एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) में डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कारिडोर परियोजना के कार्यों हेतु एक (01)तकनीकी परामर्शी की तत्काल आवश्यकता है, इस हेतु राजकीय विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों से सेवानिवृत्त कर्मियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। यह नियुक्ति संविदा वेतन पर नियत अवधि के लिये संविदा पर की जायेगी। संविदा अवधि को समय-समय पर विभागीय आवश्यकतानुसार बढ़ाया या घटाया जा सकेगा। उक्त पद पर आवेदन हेतु निम्नवत् अनुभव रखना आवश्यक होगा :-

1. किसी मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से इन्जीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में बी-टेक की डिग्री प्राप्त किया हो।
2. किसी सार्वजनिक उपक्रम में 20 वर्ष अथवा उससे अधिक का औद्योगिक इकाईयों संबंधी कार्य-कलापों का प्रबन्धकीय अनुभव प्राप्त हो।
3. शासन से संबंधित परामर्शी सेवाओं एवं पत्राचार का 03 वर्ष अथवा उससे अधिक का अनुभव प्राप्त हो।
4. हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में शासकीय कार्य करने की दक्षता प्राप्त हो।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) सी-13 द्वितीय तल, पर्यटन भवन विपिन खण्ड, गोमती नगर लखनऊ-226010 को विज्ञापन की तिथि से 05 कार्य दिवस में समस्त आवश्यक सेवा सम्बन्धी साक्ष्य/अभिलेखों के साथ उपलब्ध करा दें। आवेदक यूपीडा की ई-मेल upeida2@gmail.com पर भी प्रेषित कर सकते है।

**(मुख्य कार्यपालक अधिकारी)**
**उ0प्र0 एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण,**
**(यूपीडा)**